संसद सदस्यों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 6 जुलाई, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; अनेक केंद्रीय मंत्रियों; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो. पी. जे. कुरियन तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री और आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी, संसद सदस्य के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों तथा लोक सभा और राज्य सभा के महासचिवों, क्रमशः श्री अनूप मिश्रा तथा श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी श्री मुख़र्जी को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री आर. वेंकटरमन ने डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में **31** मई, **1991** को उनके चित्र का अनावरण किया था।